निगम भिलाई क्षेत्र में 14 सितम्बर से स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान शुरू किया जायेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 14 सितम्बर 02 अक्टूबर तक स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत निगम भिलाई क्षेत्र में अलग.अलग दिन सफाई से संबंधित गतिविधियां चलाई जाएगी। जिसके अंतर्गत श्रम दानए स्वच्छता शपथ में दौड़ए रैलीए मानव श्रृंखला प्रभात फेरीए कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाया जायेगा। इसके अंतर्गत पिछले 10 वर्षो की उपलब्धियों का विवरण शामिल किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम फलदान एवं छायादार पौधे का रोपण कर स्वच्छता का शपथ भी लिया जायेगा। भिलाई नगर को स्वच्छता से जोड़ने एवं शहर को साफ.सुथरा बनाने सब के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जावेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की मीटिंग आहूत की गई। सबके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। प्रत्येक दिन प्रत्येक वार्ड के लिए क्या.क्या कार्य करना है। किस प्रकार से हम जन भागीदारी लेकर के इस कार्यक्रम में आम पब्लिक को जोड़ सकते हैंए उसे पर पर्याप्त मात्रा में चर्चा हुई। निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। निगम भिलाई के मुख्य कार्यालयए जोन कार्यालय से सभी अधिकारियो को वार्ड क्षेत्रों का मॉनिटरिंग कर वहां की सफाई संबंधी समस्याओ का निराकरण करने एवं प्रतिदिन उसका रिपोर्ट आयुक्त को दिये जाने का निर्देश दिये है। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम सभी नगरीय निकाय क्षेत्रो का भ्रमण करने आने वाली है। उनके द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले निकाय को पुरस्कृत किया जायेगा। निगम भिलाई क्षेत्र में सफाई अभियान डोर.टू.डोर किया जा रहा है। जिससे शहर की सुन्दरता को बनाये रखने लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अनुरोध किया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का आरंभ होने वाला है। हम सबकी जिम्मेदारी है भिलाई को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए। यह सबके सहयोग से ही संभव होगा। बस एक भावना मन में हो हम क्या बेहतर कर सकते है अपने भिलाई के लिए।